INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: IX	Department: Hindi	Date of submission: 20.04.2022
Worksheet No. 1	Topic Comprehension	Note: Pl. file in portfolio

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से छाँटकर लिखिए –

सेकेंड क्लास तो क्या मैंने इंटर क्लास में भी सफर न किया था। अबकी फर्स्ट क्लास में सफर करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तो नौ बजे रात को आती थी, पर यात्रा के हर्ष में हम शाम को ही स्टेशन जा पहुँचे। कुछ देर इधर–उधर सैर करने के बाद रिफ्रेशमेंट रूम में जाकर हम लोगों ने भोजन किया। मेरी वेश–भूषा और रंग–ढंग से पारखी खानसामों को यह पहचनने में देर न लगी कि मालिक कौन है और पिछलग्गू कौन, लेकिन न जाने क्यों मुझे उनकी गुस्ताखी बुरी लग रही थी। पैसे ईश्वरी की जेब से गए। शायद मेरे पिता को जो वेतन मिलता है, उससे ज़्यादा इन खानसामों को इनाम – एकराम में मिल जाता हो। एक अठन्नी तो चलते समय ईश्वरी ही ने दी। फिर भी मैं उन सभी से उसी तत्परता और विनय की प्रतीक्षा करता था, जिससे वे ईश्वरी की सेवा कर रहे थे। ईश्वरी के हुक्म पर सब–के सब क्यों दौड़ते लेकिन मैं कोई चीज माँगता हूँ तो उतना उत्साह क्यों नहीं दिखाते ? मुझे भोजन में कुछ स्वाद न मिला। वह भेद मेरे ध्यान को संपूर्ण रूप से अपनी ओर खींचे हुए था।

गाड़ी आई, हम दोनों सवार हुए। खानसामों ने ईश्वरी को सलाम किया, मेरी ओर देखा भी नहीं। ईश्वरी ने कहा – ‘कितने तमीजदार हैं ये सब, एक हमारे नौकर है कि कोई काम करने का ढंग नहीं’ मैंने खट्टे मन से कहा – ‘इसी तरह अगर तुम अपने नौकरों को भी आठ आने रोज इनाम दिया करो तो शायद इससे ज्यादा तमीजदार हो जाएँ।’

(क) लेखक व उसका मित्र समय से पहले ही स्टेशन क्यों पहुँच गए थे ?

- (i) गाड़ी न निकल जाए
- (ii) सुविधा पूर्वक पहुँचने के लिए
- (iii) घर जल्दी पहुँचने के लिए
- (iv) यात्रा की प्रसन्नता में

(ख) खानसामे लेखक व उसके मित्र के स्तर को किस प्रकार पहचान चुके थे ?

- (i) खाने–पीने के तरीके से
- (ii) बोलचाल के तरीके से
- (iii) व्यवहार से
- (iv) वेश–भूषा व आचरण से

(ग) लेखक को अपनी पारिवारिक स्थिति का बोध कब हुआ ?

- (i) जब उसने खानसामों को टिप लेते देखा
- (ii) अपने मित्र को टिप देते देखा
- (iii) खानसामों को अमीरों का स्वागत करत देखा
- (iv) खानसामों की पोशाक अपने से अच्छी देखी

(घ) लेखक के मन में इच्छा हुई कि खानसामे —

- (i) उसका भी स्वागत करें
- (ii) उसे पिछलग्गू न समझें
- (iii) उसके आगे–पीछे दौड़ें
- (iv) उसे भी मित्र जैसा ही सम्मान दें

(ङ) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा —

- (i) वेशभूषा
- (ii) मित्रता
- (iii) खानसामे
- (iv) आर्थिक स्तर

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से छाँटकर लिखिए –

एक अश्वेत अमेरिकी बराक ओबामा द्वारा राष्ट्रपति पद की शपथ लेने की इस घटना में अनेक ऐतिहासिक अनुगूँजें सुनी जा सकती हैं। अभी कुल 40 बरस पहले अमेरिका के जातीय समानता के महान स्वप्नदर्शी, नागरिक अधिकार आंदोलन नेता मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने पूछा था कि क्या उनके बच्चों का "अपनी चमड़ी के रंग के आधार पर नहीं, अपने चरित्र के गुणो" के आधार पर मूल्यांकन संभव हो पाएगा ? राष्ट्रपति बराक ओबामा का शपथ ग्रहण किंग की 80वीं जयंती के राष्ट्रीय अवकाश के अगले दिन था। ओबामा का शपथ ग्रहण "एक अधिक संपूर्ण एकता" रचने के संघर्ष की प्रक्रिया में अमेरिका में दासता का अंत करने वाला अब्राहम लिंकन की 200वीं जयंती के कुछ ही सप्ताह पहले था। शपथ ग्रहण के दौरान राष्ट्रपति ओबामा ने पद की वही शपथ ली जो जॉर्ज वाशिंगटन और उनके बाद के सभी राष्ट्रपतियों ने ली थो, उन्होंने उसी 'बाइबल' पर हाथ रखा, जिस पर हाथ रखकर अब्राहम लिंकन ने शपथ ग्रहण की थी।

(क) अमेरिका के जातीय समानता अधिकार आन्दोलन के नेता थे —

(i) मार्टिन लूथर किंग जूनियर (ii) अब्राहम लिंकन
(iii) बराक ओबामा (iv) जॉर्ज वाशिंगटन

(ख) 'स्वप्नदर्शी' का आशय है —

(i) जो सपने में दिखाई दे (ii) जो सोया हो
(iii) जो सपना देखे (iv) जो स्वप्न में दर्शन करता हो

(ग) 'बाइबिल' क्या है ?

(i) एक प्रार्थना ग्रंथ (ii) एक धर्म ग्रंथ
(iii) शपथ लेने का माध्यम (iv) शपथों की पुस्तक

(घ) अमेरिका में दासता का अन्त करने वाले थे.....

(i) फ्रेंकलिन (ii) अब्राहम लिंकन
(iii) रुजवेल्ट (iv) जॉर्ज वाशिंगटन

(ङ) अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति कौन हैं ?

(i) लिंकन (ii) कार्टियर
(iii) ओबामा (iv) जॉर्ज बुश

****